सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 206 | इंदौर, सोमवार 09 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं

### मलेशिया से पीएम मोदी ने आतंकवाद पर दिया कड़ा संदेश



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मलेशिया के उनके समकक्ष अनवर इब्राहिम के बीच व्यापक बातचीत के बाद भारत और मलेशिया ने रविवार को रक्षा और सुरक्षा, सेमीकंडक्टर तथा व्यापार के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के लिए कई पहलों की शुरुआत की। बैठक के बाद मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया एक 'विशेष संबंध' साझा करते हैं और दोनों पक्ष विभिन्न क्षेत्रों में अपने संबंधों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा, ''आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है; कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।' पीएम मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर इब्राहिम ने उनका स्वागत किया जो द्विपक्षीय संबंधों में एक नई गति का संकेत है। वार्ता से पहले मोदी का आज सुबह पर्दाना पुत्र में औपचारिक स्वागत किया गया। मोदी ने कहा, ''भारत और मलेशिया के बीच एक विशेष संबंध है। हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे और स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'आज, भारतीय मूल के लोगों की आबादी के मामले में मलेशिया दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। हमारी सभ्यताएं, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्य हमें एक सूत्र में बांधते हैं।'' मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष आतंकवाद विरोधी उपायों, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मजबूत करेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि हम रक्षा सहयोग को और अधिक व्यापक बनाएंगे।

## वार्मर मशीन में नवजात को रखकर भूल गया नर्सिंग स्टाफ

### तड़प-तड़प कर बच्ची ने तोड़ा दम
### अस्पताल छोड़ भागे डॉक्टर



**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर के बिठूर इलाके में स्थित राजा नर्सिंग होम में रविवार शाम अरुण निषाद की नवजात बच्ची की वार्मर मशीन में जलने से मौत हो गई. शालू नाम की महिला ने शाम करीब 4-5 बजे एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया था. अस्पताल की नर्सों ने बच्ची को ठंड से बचाने के लिए उसे आईसीयू की वार्मर मशीन पर रखा था. नर्सिंग स्टाफ मशीन चलाकर उसकी निगरानी करना भूल गया, जिससे मशीन का तापमान अत्यधिक बढ़ गया. इस तकनीकी और मानवीय लापरवाही के कारण मासूम का शरीर काला पड़ गया और उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई. बच्ची के जन्म के बाद परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन लापरवाही ने इसे मातम में बदल दिया. जब परिजनों ने बच्ची को देखने की जिद की, तो नर्सों ने उन्हें टाल दिया. शक होने पर परिजन जबरन आईसीयू में घुसे तो देखा कि मासूम का सिर और हाथ बुरी तरह जल चुके थे. इस घटना के बाद अस्पताल में भारी हंगामा मच गया. स्थिति बिगड़ती देख डॉक्टर विवेक मिश्रा और पूरा स्टाफ अस्पताल छोड़कर मौके से फरार हो गया.

●सच्चा वादा-पक्का काम ही राज्य सरकार की है पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की शहडोल सिंचाई काम्प्लेक्स की घोषणा

### 2300 करोड़ रुपए की योजना से 50 हजार हैक्टेयर सिंचाई का बढ़ेगा रकबा और लाभान्वित होंगे 122 गांव

- मिनी ओलंपिक मापदंड पर आधारित स्विमिंग पूल का शहडोल के धनपुरी में हुआ शुभारंभ
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वॉटर पार्क लोकार्पण कार्यक्रम को किया संबोधित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सच्चा वादा-पक्का काम ही राज्य सरकार की पहचान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय भाई-बहनों के सर्वांगीण विकास में जुटी है। जनजातीय भाई-बहनों का राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को माता शबरी जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि निष्कपट भक्ति, समर्पण और साधना की सर्वोच्च प्रतीक शबरी मैया ने सारा जीवन रघुवर की प्रतीक्षा की। प्रेम में समर्पित इस प्रतीक्षा का फल केवल माता शबरी को ही नहीं मिला बल्कि स्वयं भगवान श्री राम को भी मिला। मनुष्य से मनुष्य का प्रेम ही सनातन संस्कृति की विशेषता है। भगवान श्रीराम और माता शबरी का प्रेम बताता है कि हमारे समाज में जातिवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शहडोल जिले के धनपुरी में नगर पालिका द्वारा 20 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए वॉटर पार्क के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का साफा तथा गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गीता भवन निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इसके बन जाने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाइब्रेरी और कोचिंग जैसी शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल सिंचाई काम्पलेक्स निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत सोन नदी पर 4 माइक्रो सिंचाई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। लगभग 2300 करोड़ रुपए की इस योजना से 50 हजार हैक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, जिससे 122 गांव को लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जैतपुर को नगर पंचायत बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल मेडिकल कॉलेज में सीट वृद्धि के संबंध में विभाग से प्रस्ताव प्राप्त होने पर सीट वृद्धि की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल जिले में 160 करोड रुपए लागत से 45 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा जैतपुर महाविद्यालय में कला और विज्ञान संकाय के भवन निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन महाविद्यालय आरंभ करने की भी घोषणा की। उन्होंने 3 किलोमीटर लंबे मॉडल रोड निर्माण पर भी सहमति प्रदान की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता बहनों के कल्याण के लिए पूरी सरकार समर्पित है इसीलिए लाड़ली बहना योजना सहित महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लखपति दीदी योजना, लखपति ड्रोन दीदी योजना, रजिस्ट्री में माता-बहनों को 2 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। लोकसभा-विधानसभा में भी बहनों को आरक्षण मिलने वाला है। आने वाला समय माता-बहनों का है, हमारी संस्कृति बहनों के आधार पर ही पुष्पित पल्लवित होती रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान लगातार बढ़ रहा है। भारत वैश्विक मंच पर प्रमुख आर्थिक शक्ति बन कर उभर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अमेरीका से हुए समझौते में किसानों के हितों को सबसे ऊपर रखा है। केंद्र हो या राज्य सरकार युवा, गरीब, किसान और महिलाओं का कल्याण सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि हो या उद्योग सभी क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 44 लाख हैक्टेयर हुआ है। युवाओं को भी बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेती को लाभप्रद बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से ही वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। किसानों को बिजली में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 30 लाख सोलर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे। दुग्ध उत्पादन, दलहन उत्पादन के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। इन सब गतिविधियों से परिवारों के पोषण की स्थिति में भी सुधार होगा।

सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.यादव के नेतृत्व में देश-प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। इसी का परिणाम है कि धनपुरी को मिनी ओलंपिक के मापदंड पर आधारित स्विमिंग पूल की सौगात मिली है। विधायक श्री जय सिंह मरावी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा क्षेत्र को दी जा रही सौगात के लिए उनका आभार माना। श्री मरावी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों और जन अपेक्षाओं से अवगत कराया। नगर पालिका धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा ने स्वागत भाषण दिया तथा नगर पालिका द्वारा निर्मित वॉटर पार्क और अन्य संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर नगरीय निकाय तथा पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित थे।

बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

# यूथ वॉक में 10 हजार युवाओं ने लिया हिस्सा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में युवा नशा-उन्मूलन जागरूकता वॉक (यूथ वॉक–2026) ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (लंदन) में अपना नाम दर्ज कराया है। 8 फरवरी 2026 को हुए इस आयोजन में लगभग 10 हजार युवाओं ने हिस्सा लिया, जिससे नशा विरोधी जन-जागरूकता के क्षेत्र में यह कार्यक्रम एक विश्व रिकॉर्ड बन गया।

3 किलोमीटर लंबी यह वॉक नेहरू स्टेडियम से सुबह 9 बजे शुरू हुई। कार्यक्रम के आयोजक रुद्राक्ष गोलू शुक्ला के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखते हुए उन्हें सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना और समाज में जनजागरण फैलाना है। आयोजकों का दावा है कि यूथ वॉक में 20 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव, बीजेपी विधायक गोलू शुक्ला सहित कई अतिथियों ने शिरकत की। इस अवसर पर खगेंद्र भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी युवा है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के युवाओं को नशे की लत में फंसाकर कमजोर करने की साजिशें की जा रही हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। बीजेपी विधायक गोलू शुक्ला ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और यदि वे सही दिशा में आगे बढ़ें तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने रुद्राक्ष शुक्ला द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं।

● आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

## अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई कार्रवाई में लगभग एक लाख 45 हजार रुपए की मदिरा और वाहन जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।**

सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि वृत्त आंतरिक- 2 की प्रभारी सुश्री जया मुजाल्दे और पलासिया प्रभारी सुश्री प्रियंका रानी चौरसिया ने अपनी टीम के साथ सिंहासा क्षेत्र में सुबह गश्त के दौरान दो बड़ी कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में जवाहर टेकरी से कुख्यात ब्लेकर आनंद चौहान के घर के सामने से दोपहिया वाहन MP09 VH7357 से 95 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त की गई। साथ ही दूसरी कार्रवाई शांति नगर के एक कुख्यात ब्लेकर सुभाष पवार के घर के सामने से एक बिना नंबर प्लेट की दोपहिया वाहन हीरो डेस्टिनी की डिक्की और हरे रंग के एक झोले से कुल 75 पाव देसी मदिरा बरामद की गई।

उक्त दोनों स्थानों से जब्त अवैध मदिरा एवं दो दुपहिया वाहनों की कुल बाजार मूल्य लगभग एक लाख 45 हजार रुपये है। साथ ही दोनों आरोपी के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 9 से 13 फरवरी तक लगेगा शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशानुसार इंदौर संभाग में लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये 9 फरवरी से 13 फरवरी तक पेंशन प्रकरण शिविर का आयोजन संभागीय पेंशन कार्यालय सेटेलाइट भवन इंदौर में किया जा रहा है। संभागायुक्त डॉ. खाड़े द्वारा इंदौर संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि उक्त शिविर अवधि में अपने कार्यालय के 31 जनवरी 2026 तक के समस्त सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रस्तुत कर निराकरण करायेंगे।

## जैकलीन फर्नांडिस की मौजूदगी में इंदौर में लक्स कोज़ी का भव्य रिटेलर्स मीट

### मध्य प्रदेश में रिटेल नेटवर्क मजबूत करने पर जोर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देश के प्रमुख इनरवियर और प्रीमियम वियर ब्रांड लक्स कोजी ने इंदौर में भव्य रिटेलर्स मीट का आयोजन किया, जिसमें मध्य प्रदेश भर से 200 से अधिक रिटेलर्स शामिल हुए। इस कार्यक्रम के माध्यम से कंपनी ने रिटेल पार्टनर्स के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने तथा मध्य भारत के प्रमुख बाजारों में विकास की रणनीति पर जोर दिया।

कार्यक्रम में लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन अशोक कुमार तोड़ी और डायरेक्टर साकेत कुमार तोड़ी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर बाजार की संभावनाओं, बदलती उपभोक्ता पसंद और ब्रांड के भविष्य के ग्रोथ रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की गई।

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने भी सम्मेलन में भाग लेकर रिटेलर्स और बिजनेस पार्टनर्स से संवाद किया। उनकी उपस्थिति ने ब्रांड की उपभोक्ता कनेक्ट और विजिबिलिटी को और मजबूत किया।

डायरेक्टर साकेत कुमार तोड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि रिटेलर्स लक्स कोजी की विकास यात्रा का केंद्र हैं। मध्य प्रदेश जैसे बाजारों में उपभोक्ताओं का भरोसा और मजबूत मांग लगातार देखने को मिल रही है। कंपनी का लक्ष्य अपने पार्टनर्स को बेहतर उत्पाद, प्रभावी सप्लाई चेन और निरंतर ब्रांड निवेश के माध्यम से दीर्घकालिक विकास के अवसर प्रदान करना है।

इंदौर में आयोजित यह सम्मेलन लक्स कोजी की उस व्यापक रणनीति को दर्शाता है, जिसके तहत कंपनी अपने रिटेल इकोसिस्टम के साथ मिलकर टिकाऊ विकास को बढ़ावा दे रही है। देशभर में मजबूत उपस्थिति और 50 से अधिक देशों में निर्यात के साथ लक्स कोजी अपने विविध पोर्टफोलियो—ONN, Lux Cozi, Lux Mozzee, Lux Parker और Pynk—के जरिए इनरवियर और लाइफस्टाइल कैटेगरी में अपनी पकड़ लगातार मजबूत कर रही है।

मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ भोपाल (म.प्र.)

# महेश गोठवाल को इंदौर संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ राजभर में अपनी कार्यकारिणी को सशक्त करने के लिए दिन-रात मेहनत करने में जुटा हुई है। इसी क्रम में प्रांतीय अध्यक्ष श्री एस.बी.सिंग ने श्री महेश गोठवाल ,कंप को आर्डिनेटर, कार्यालय क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, इंदौर संभाग इंदौर का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। कर्मचारी हित में उनकी लगातार निष्ठा समर्पण भावना को देखते हुए उन्हें यह जवाबदारी सौंपी गई है। श्री कोतवाल की नियुक्ति पर डॉ.साजी जोसेफ क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य, डॉ.माधव हासानी,सीएमओ इन्दौर, डॉ.तरुण डीआईओ इन्दौर एवं क्रांति/जिले वरिष्ठ कर्मचारी नेता श्री एम.पी. द्विवेदी अध्यक्ष मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा श्री एल.एन.केलासिया, कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, श्री सुरेश सिसोदिया राष्ट्रीय संगठन सचिव, इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लाई फेडरेशन,श्री हरीश बोयत, श्री रमेश यादव,श्री कमलेश सिंह,श्री हरीश शुक्ला,श्री प्रकाश दुबे,श्री रमेश जाट,श्रीमती किरण वर्मा,श्री राजेश शर्मा,नीतू केलदे, श्रीमती पुष्पा चौहान श्री दीपक चौहान श्री रानू धीमान श्री महेंद्र पथरोड श्री कमल मिमरोट,विमलेश खोड़े,श्री देवेंद्र रघुवंशी,श्री अमित यादव,श्री राजेश जारवाल इत्यादि कर्मचारी नेताओं,साथीगणों द्वारा स्वागत कर बधाई दी।

# गंदगी और गंदा पानी नाले में छोड़ने पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार औद्योगिक इलाकों में दौरा और चालानी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में ज़ोन क्रमांक 17 और ज़ोन क्रमांक 3 में आने वाले सांवेर रोड और पोलोग्राउंड स्थित औद्योगिक इलाकों में नालों में गंदगी और अपशिष्ट पानी छोड़ने वाली औद्योगिक इलाकयों पर चालानी कार्रवाई की गई।**

ज़ोन क्रमांक 17 में आने वाले सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में कार्रवाई की गई। झोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील ने बताया कि रविवार को सांवेर रोड स्थित औद्योगिक इकाइयों द्वारा कचरा, गंदगी और अपशिष्ट



जल सीधे नाले में छोड़ा जा रहा था। जिसके चलते इन पर कार्रवाई की गई है।

1. ललित नमकीन पर 50 हजार रुपए
2. मेघा पॉलिमर पर 35 हजार रुपए
3. गीतिका प्लास्टिक पर 30 हजार रुपए
4. उषा ऑर्गेनिक पर 25 हजार रुपए

नगर निगम ने यहां पर 1 लाख 40 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान झोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील, सीएसआई आशीष कापसे, उपयंत्री सिद्धांत मेहता सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इधर, ज़ोन क्रमांक 3 में आने वाले पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। झोनल अधिकारी राज ठाकुर ने बताया कि निगम कमिश्नर के आदेश पर झोन 3 के वार्ड 57 में कार्रवाई की गई इनमें -

सायनों फार्मा कंपनी द्वारा ईटीपी (ETP) का उचित संचालन नहीं किए जाने पर 30 हजार का चालान किया गया।

कोहिनूर इलास्टिक द्वारा सीवर लाइन में सीधे अपशिष्ट जल छोड़े जाने पर 10 हजार की चालानी कार्रवाई की गई।

यहां कुल 40 हजार की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान झोनल अधिकारी राज ठाकुर, सीएसआई राजेंद्र बेगा एवं ड्रेनेज विभाग की टीम उपस्थित रही। निगम अधिकारियों ने औद्योगिक इलाकों को आगामी 2 दिन के अंदर अपशिष्ट जल प्रबंधन सिस्टम को ठीक करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

## दोस्ती कर शादी का झांसा दिया, संबंध बनाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तेजाजी नगर पुलिस ने एक युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में उसके परिचित युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आरोपी ने युवती से नाबालिग अवस्था में भी संबंध बनाए थे। पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत भी कार्रवाई की है। तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम के अनुसार, इलाके में रहने वाली एक युवती



की शिकायत पर शनिवार को रितिक कुशवाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुंची थी। उसने बताया कि 2022 में उसकी पहचान रितिक से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी थी। रितिक ने उससे शादी करने का वादा किया था। पीड़िता ने बताया कि जुलाई 2025 में आरोपी उसे अपने दोस्त रमन के कमरे पर ले गया, जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद नवंबर माह में लिंबोदी क्षेत्र में अपने एक अन्य दोस्त के कमरे पर ले जाकर भी उसके साथ दुष्कर्म किया गया। बाद में जब पीड़िता ने शादी की बात कही तो आरोपी टालमटोल करने लगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी करीब अलग अलग जगह पर ले जाकर 6 बार उसके साथ रेप कर चुका है। हालांकि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# लिव-इन पार्टनर ने नशे की हालत में ली प्रेमिका की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सुगनीदेवी कॉलेज परिसर में गंभीर हालत में मिली युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवती को राहगीरों ने घायल अवस्था में एमवाय अस्पताल पहुंचाया था। उसके हाथों और शरीर पर कई टैटू बने हुए थे, वहीं शरीर पर ब्लेड से काटने के निशान भी पाए गए थे। शुरुआती जांच में डॉक्टरों को उसके साथ ज्यादती की आशंका हुई, जिसके चलते सैंपल भी लिए गए थे।**

पुलिस जांच में सामने आया कि युवती पर हमला उसके लिव-इन पार्टनर ने किया था। आरोपी ने हत्या की नीयत से पत्थर से वार किया था। देर रात इलाज के दौरान





युवती ने दम तोड़ दिया।

टीआई आरडी कानवा की टीम ने इस मामले में युवती के दोस्त मुकेश कोरी (45) (निवासी तीन पुलिया) को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक युवती और मुकेश कुछ समय से साथ रह रहे थे और दोनों नशे के आदी थे। शनिवार को दोनों के बीच विवाद हुआ था। मुकेश युवती का खर्च उठाता था और उसे शक था कि युवती के अन्य युवकों से अवैध संबंध हैं। नशे की हालत में उसने खाली मैदान में युवती पर पत्थर से हमला किया और उसे गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि युवती मूल रूप से इटारसी की रहने वाली थी और पिछले कुछ वर्षों से इंदौर में रह रही थी। उसके शरीर पर कई टैटू गुदे हुए थे। शुरुआत में आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन युवती की मौत के बाद अब पुलिस धाराएं बढ़ाकर हत्या का केस दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

मुकेश ने पुलिस को बताया कि बीते चार दिनों से युवती उसके साथ रह रही थी। शुक्रवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे दोनों ने परदेशीपुरा इलाके से अवैध शराब खरीदी और पी। इसके बाद वे एक ग्राउंड में बैठ गए। इसी दौरान युवती के अन्य लोगों से संबंधों को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। नशे की हालत में मुकेश ने पत्थर उठाकर युवती के सिर और मुंह पर ताबड़तोड़ वार कर दिए और मौके से फरार हो गया। सुबह करीब साढ़े छह बजे लोगों ने युवती को गंभीर हालत में पड़ा देखा और पुलिस एफआरवी को सूचना दी। पुलिस ने उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई।

# बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर के ट्रैफिक को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस लगातार जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी कर रही है।

इसी कड़ी में रोड एक्सीडेंट में सिर की चोटों से होने वाली मौतों को रोकने और लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट टू व्हीलर चालकों के खिलाफ निरंतर जागरूकता और सख्त कार्रवाई जारी है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के पलासिया चौराहा, विजय नगर चौराहा, महूनाका चौराहा, चाणक्यपुरी चौराहा, राजीव गांधी सर्कल सहित





अन्य चौराहों पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है वहीं दूसरी तरफ अनाउंसमेंट कर वाहन चालकों को यह भी बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई आपके हित में है ताकि आप हेलमेट के महत्व को समझे, रोड सुरक्षा नियमों का पालन करें और सड़क हादसों में होने वाले दुष्परिणामों से खुद को और दूसरों को बचाएं। शनिवार को सुबह से लेकर रात तक चले विशेष अभियान के दौरान कुल 1673 वाहन चालकों के खिलाफ हेलमेट नहीं लगाने पर कार्रवाई की गई। इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहने। ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन करें, क्योंकि सड़क पर सुरक्षा ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## रिसोर्ट में शराबी युवकों ने सिंगर को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूडिया इलाके में शनिवार रात एक रिसोर्ट में सिंगर निलेश पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब रिसोर्ट में सिंगिंग प्रोग्राम चल रहा था। गायक को पीटने के बाद, जब रिसोर्ट मैनेजर और स्टाफ ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो युवकों ने मंत्री के नाम का हवाला देकर धमकाया। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन युवक कार लेकर चले गए। अभी सिंगर ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।**

लसूडिया बायपास पर स्थित द एस्केप वर्ल्ड रिसोर्ट में गायक निलेश प्रोग्राम कर रहे थे। इसी दौरान कुछ शराबी युवक गाना बंद करने के लिए कहने लगे। निलेश ने ध्यान न देने पर एक युवक ने माइक छीनकर थप्पड़ मार दिया। निलेश ने अपना बचाव किया और युवक को धक्का दिया, जिसके बाद उसके साथी भी विवाद के लिए खड़े हो गए। इस बीच, रिसोर्ट के मैनेजर और स्टाफ ने गायक का बचाव किया। शराबी युवकों ने उनसे भी बदतमीजी की। बाद में निलेश ने पुलिस को बुलाया। पुलिस के सामने भी युवक रिसोर्ट स्टाफ से बदतमीजी कर रहे थे और बीजेपी के मंत्री के नाम से धमकियां दे रहे थे। रिसोर्ट के अनुसार, सभी शराबी युवक कार नंबर MP09AS4537 से आए थे, जिस पर लिखा था "बीजेपी सरपंच, ग्राम पंचायत मण्डलावदा।" हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है।

भक्तिभाव से शबरी मैया ने पूरे वनवासी समाज का बढ़ाया मान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री ने शहडोल जिले को दी 747.91 करोड़ रुपए की लागत से

- 1450 किमी लंबा राम वन गमन पथ तैयार कर रही सरकार
- सीतामढ़ी परिसर में माता शबरी की प्रतिमा अनावृत
- ब्यौहारी में बनेगा 30 बिस्तरीय अस्पताल
- सीतामढ़ी धाम बनेगा धार्मिक पर्यटन का केंद्र



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिन्होंने निःशब्द रहकर अपनी पुण्य भावनाओं को अमर शब्द दे दिए, ऐसी शबरी मैया को पूरे मध्यप्रदेश की ओर से नमन है, वंदन है। जिनके जूठे बेर खाकर भगवान श्री राम भी भक्तिभाव से धन्य हो गये उस माता शबरी की महिमा कौन नहीं जानता। भगवान को बेर भी भेंट देने से पहले खुद बेर का मीठापन जांच लेना भक्ति का उत्कर्ष है। यह प्रसंग हमें बताता है कि भगवान भक्त की आराधना पद्धति के नहीं, बल्कि उसके मन के भावों के भूखे होते हैं। व्यक्ति का मूल्य उसके हृदय की पवित्रता से तय होता है, जन्म से नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल समाज की कुल देवी शबरी मैया हम सबके लिए सदैव आराध्य हैं, पूजनीय हैं, वंदनीय हैं। उन्होंने अपने चरित्र एवं सत्कर्मों से पूरे वनवासी और जनजातीय समाज का मान बढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को शहडोल जिले की ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गंधिया स्थित सीतामढ़ी धाम में माता शबरी जयंती पर आयोजित जनजातीय हितग्राही सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी परिसर में शबरी मैया की एक सुंदर प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम गंधिया से शहडोल जिले के लिए 747 करोड़ 91 लाख रुपए की लागत वाले 139 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इसमें 613 करोड़ रुपए से अधिक लागत से 79 कार्यों का लोकार्पण तथा 134 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 60 कार्यों का भूमि पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने यहां विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग का समग्र कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में है। प्रदेश में पीएम जन-मन योजना के अंतर्गत 98 करोड़ 30 लाख रुपए और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 401.56 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया जा चुका है। हमारी सरकार ने जनजातीय समाज के नायकों की गौरव गाथाओं को शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शबरी माता ने बरसों भगवान श्री राम का इंतजार किया। कई साल तक राम का रास्ता निहारती रहीं। रोज अपनी कुटिया की सफाई करती रहीं कि आज नहीं, तो कल राम आएंगे। यह एक भक्त के अपने भगवान पर अटूट विश्वास का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम आए, शबरी मैया की भक्ति और स्नेह से अत्यंत भावविभोर हुए और उन्हें नवधा भक्ति का ज्ञान देकर मोक्ष भी प्रदान किया। हमारी सरकार ने शबरी मैया और हम सबके आराध्य भगवान श्रीराम की स्तुति के लिए श्री रामचन्द्र पथ गमन न्यास की स्थापना की है। हम प्रदेश में 1450 किमी लंबे राम वन गमन पथ का निर्माण करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को श्रीराम का विशेष स्नेह मिला। चित्रकूट में उन्होंने 11 वर्ष बिताए। ग्राम गंधिया में भी वे 11 रात रहे। इसीलिए गंधिया को भी राम वन गमन पथ विकास योजना में शामिल कर लिया गया है। इससे गंधिया का विकास होगा। इस गांव के विकास के लिए सरकार ने लगभग 80 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ब्यौहारी में 30 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी धाम को धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने तथा वन्य जीव पर्यटन गतिविधियों के विकास-विस्तार के लिए क्षेत्रीय संजय डूबरी टाइगर रिजर्व का एक गेट ब्यौहारी की तरफ भी खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में महुआ और कटहल बहुतायत से होता है। इसीलिए इन दोनों से बनने वाली औषधियों एवं अन्य उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में उद्योग, रोजगार एवं निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री ने यहां एक औद्योगिक विकास केंद्र खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जयसिंह नगर के लिए आवश्यक बायपास बनवाने तथा वर्तमान में जयसिंहनगर तहसील क्षेत्र की उप तहसील आमाडीह को परीक्षण कराकर तहसील बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की जनता ने सरकार की विकास नीतियों पर भरोसा जताया है, इसलिए इस क्षेत्र के विकास के लिए हम कोई कसर नहीं रखेंगे।

सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि त्रेतायुग मे इस भूमि पर भगवान राम के पावन चरण पड़े थे। मुख्यमंत्री ने शबरी माता की मूर्ति का अनावरण करके तथा विकास की सौगातें देकर क्षेत्र को धन्य कर दिया है। सांसद ने कटनी से ब्यौहारी होते हुए सिंगरौली तक फोरलेन सड़क निर्माण, औद्योगिक केन्द्र की स्थापना, सहित विभिन्न मांगे रखी। विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को क्षेत्र की विकास की विभिन्न सोगातों के लिए धन्यवाद दिया। विधायक ब्यौहारी श्री शरद जुगलाल कोल ने कहा कि 70 साल की प्रतीक्षा के बाद यहां मुख्यमंत्री पधारे हैं। मुख्यमंत्री ने शहडोल क्षेत्र को सिंचाई सुविधाओं सहित कई सौगातें दी है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह, जनपद अध्यक्ष जयसिंहनगर श्रीमती मालती सिंह, जनपद अध्यक्ष ब्यौहारी श्रीमती आकांक्षी सिंह, सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती चपरा, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक सहित कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता और कलेक्टर डॉ. केदार सिंह उपस्थित रहे।

## सिंगरौली के आदिवासी पीड़ितों से मिले राहुल-प्रियंका



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, एजेंसी।** सिंगरौली जिले के आदिवासी बहुल इलाकों से आए एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले की जमीनी समस्याओं से अवगत कराया, जिसके बाद राहुल गांधी ने सिंगरौली आने का आश्वासन दिया। यह मुलाकात लोकसभा के भीतर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चेंबर में हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने विस्थापन, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी परेशानियों को विस्तार से रखा। आदिवासियों ने बताया कि सिंगरौली जिले में औद्योगिक गतिविधियों और खनन परियोजनाओं के कारण वे लंबे समय से विस्थापन, मुआवजा और पुनर्वास की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी भी मौजूद थीं। उन्होंने आदिवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी को सिंगरौली आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया, ताकि वे स्वयं क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का जायजा ले सकें।

# एकता कपूर संग 5 अभिनेत्रियों ने किए महाकाल के दर्शन

नए प्रोजेक्ट्स की सफलता के लिए मांगा आशीर्वाद, मंगलनाथ मंदिर में भी की विशेष पूजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। भारतीय सिनेमा और टीवी की मशहूर निर्माता एकता कपूर रविवार को उज्जैन पहुंचीं। उनके साथ फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की पांच जानी-मानी अभिनेत्रियां भी थीं। सभी ने पहले श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और फिर मंगलनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया।**

एकता कपूर के साथ दर्शन करने वाली अभिनेत्रियों में दीपशिखा नागपाल, नीलम कोठारी, विद्या मालवदे, सीमा किरण सचदेव और पूजा शामिल थीं। इन सभी कलाकारों ने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स, नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली 'रागिनी MMS 3' और 'लॉक अप' की सफलता के लिए भगवान महाकाल से प्रार्थना की।



श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने सभी कलाकारों का पारंपरिक तरीके से स्वागत और सम्मान किया। कलाकारों ने मंदिर परिसर में कुछ समय ध्यान और पूजा में भी बिताया। महाकाल दर्शन के बाद पूरा दल मंगलनाथ मंदिर पहुंचा, जहां विशेष पूजा-अर्चना की गई।

मंदिर के पुजारी विपिन शर्मा ने बताया कि मंगलनाथ को मंगल ग्रह का अधिपति माना जाता है। यहां दर्शन और पूजा से कार्यों में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं, इसी विश्वास के साथ लोग यहां आते हैं।

### अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिस ने किए श्री महाकालेश्वर के दर्शन

फिल्म अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिस रविवार को उज्जैन पहुंचीं। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। जैकलिन सफेद रंग के भारतीय परिधान (सलवार सूट) में थीं और उन्होंने सिर पर पल्लू ओढ़ा हुआ था। आंखों पर काला चश्मा लगाए जैकलिन नंदी हॉल में बाबा महाकाल के सामने बैठी रहीं।

पुजारी यश ने उन्हें बाबा का प्रसाद दिया और तिलक लगाकर पूजन करवाया। मंदिर पहुंचने पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत और सम्मान किया गया। मंदिर परिसर में जैकलिन पूरी तरह भक्ति भाव में नजर आईं। उन्होंने भगवान महाकाल से सुख-समृद्धि की कामना की।

## संपादकीय


### भारत-अमेरिका व्यापार समझौता और वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई दिशा


डिफेंस डिप्लोमेसी में एक कदम और आगे बढ़ते हुए भारतीय सेना ने 'फ्रेंड्स फॉर लाइफ' नाम से एक खास डिजिटल पहल शुरू की है। इस वेबसाइट का मकसद उन मित्र देशों के सैन्य और पूर्व सैन्य अधिकारियों को एक साथ जोड़ना है, जिन्होंने अलग-अलग वक्त पर भारतीय सेना के प्रशिक्षण संस्थानों में ट्रेनिंग ली है। इस मंच के जरिए ये अधिकारी आपस में जुड़ेंगे, अनुभव साझा करेंगे, पेशेवर संवाद को आगे बढ़ा सकेंगे। भारतीय सेना के मुताबिक, यह डिजिटल मंच भारतीय सेना के प्रशिक्षण संस्थानों में साथ प्रशिक्षण ले चुके 99 देशों के सैन्य अधिकारियों और पूर्व छात्रों को जोड़ने का काम करेगा, ताकि उनके बीच पेशेवर संवाद बढ़ाया जा सके। भारतीय सेना का मानना है कि इससे भारतीय और विदेशी सैन्य अधिकारियों के बीच सहयोग और समझ को और मजबूती मिलेगी। पिछले एक दशक में ही भारतीय सेना ने मित्र देशों के 21500 से अधिक सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया है। 'फ्रेंड्स फॉर लाइफ' के जरिए इन सभी को एक ग्लोबल नेटवर्क में जोड़ने की पहल की गई है। श्रीलंका की सेना के मौजूदा कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल वीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो भी इंडियन मिलिट्री अकेडमी के छात्र रहे है। इसी तरह नेपाल के सेना प्रमुख भी जनरल अशोक राज सिगडेल भी आईएमए के पूर्व छात्र है। बांग्लादेश, मलेशिया, भूटान के भी कई सीनियर अधिकारी भारतीय सेना के ट्रेनिंग संस्थानों में ट्रेनिंग ले चुके हैं। स्टाफ कॉलेज और नेशनल डिफेंस अकेडमी में अमेरिका, यूके, कनाडा, जापान, फ्रांस से भी सैन्य अधिकारी आते हैं। भारतीय सेना के 34 अलग अलग इंस्टिट्यूट है, जिनमें मित्र देशों के सैन्य अधिकारी अलग अलग वक्त में ट्रेनिंग के लिए आते है। भारतीय सेना का ट्रेनिंग कमांड (ARTRAC) सभी तरह के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी संभालता है। क्राइसिस में कैसे मददगार ? भारतीय सेना और दूसरे देशो के सैन्य अधिकारियों का कनेक्शन सिर्फ ट्रेनिंग या जॉइंट ऑपरेशन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि क्राइसिस में भी यह कनेक्शन काम आता है। जब बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट हुआ तो उस वक्त भारत और बांग्लादेश के बीच बातचीत की एकमात्र कड़ी दोनों देशो के आर्मी चीफ थे। राजनीतिक स्तर पर भले ही रिश्ते में उत्तार चढ़ाव देखा गया, लेकिन आर्मी टु आर्मी कनेक्शन में कोई फर्क नहीं पड़ा। हाल ही में इंडियन आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था कि मेरी बांग्लादेश आर्मी चीफ से नियमित बातचीत होती है। हमारा मकसद ये है कि किसी तरह का मिसकम्युनिकेशन या गलतफहमी ना हो।

सैर सपाटा

# भारत के इस शहर को कहा जाता है बनाना सिटी इंडिया

## यहां जानें दिलचस्प कहानी





भारत में कई ऐसे शहर हैं, जो किसी न किसी खास चीज के लिए जाने जाते हैं जैसे चूड़ियों का शहर, चमड़े का शहर वगैरह। लेकिन क्या आपने कभी केले के शहर के बारे में सुना है। केला हम सभी खाना पसंद करते हैं लेकिन क्या आप कभी केले के शहर घूमने गए हैं। अजीब लग रहा है लेकिन ये सच है भारत का एक शहर बनाना सिटी ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर है। चलिए आपको इसके पीछे की पूरी कहानी बताते हैं। आखिर क्यों इस शहर को केले का शहर कहते हैं और यहां क्या खासियत है।

### ● कहां है केले का शहर

भारत के पश्चिमी घाट पर स्थित महाराष्ट्र राज्य का खूबसूरत शहर है जलगांव, जिसे बनाना सिटी के नाम से भी जाना जाता है। जलगांव में केले की खेती ज्यादा होती है और भारत के ज्यादातर हिस्सों में यही से केला पहुंचाया जाता है। यहां हर साल 70 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से केले की खेती की जाती है। यहां से फिर पूरे भारत में केले की आपूर्ति की जाती है।



### क्यों बना बनाना सिटी

जलगांव पश्चिमी घाट से करीब 300 किलोमीटर दूर है। इसके साथ ही यहां का वातावरण शुष्क रहता है। वहीं, केलों की खेती के लिए नमी वाले वातावरण की आवश्यकता होती है। यहां पर ड्रीप इरिगेशन तकनीक का उपयोग किया जाता है। ड्रीप इरीगेशन तकनीक में कम पानी के साथ कम समय में ही पौधों को पानी मिल जाता है। यहां पर बड़ी संख्या में केले के पेड़ पास होने के कारण इनमें गरम हवा जमा हो जाती है और ऐसे में ये जल्दी फल देते हैं।

### GI मार्क

साल 2016 में जलगांव के केले को GI (Geographical Indication) मार्क प्राप्त हुआ। यह मार्क इस क्षेत्र के केले की विशिष्टता और गुणवत्ता को प्रमाणित करता है। जलगांव के केले बेहद मीठे और बड़े होते हैं। लोग दूर-दूर से यहां पर केले खरीदने आते हैं और फिर आगे उनका व्यापार करते हैं। तो अब अगर आप कभी महाराष्ट्र जाएं, तो जलगांव के केले भी खाएं। साथ ही यहां पर केले की खेती देखने को भी मिलेगी। जलगांव केले के अलावा कपास और गन्ने की खेती के लिए भी मशहूर है।

## Uttarpradesh

# लिवर की नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, Liv-52 की 50 हजार टैबलेट जब्त

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** गाजियाबाद के मुरादनगर थाना क्षेत्र में नकली दवाइयों के अवैध कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है. जहां स्वॉट टीम ग्रामीण जोन और थाना मुरादनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लिवर की बीमारी में इस्तेमाल होने वाली Liv-52 (लिव-52) नामक दवा की भारी मात्रा में नकली खेप बरामद की गई है. पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपी लंबे समय से नकली दवा बनाकर बाजार में सप्लाई कर रहे थे.

इस पूरे मामले में एक नामी दवा कंपनी द्वारा थाना मुरादनगर में शिकायत दर्ज कराई गई थी. जिसमें कहा




गया कुछ लोग लिवर से जुड़ी बीमारियों में उपयोग होने वाली Liv-52 दवा की नकली टैबलेट तैयार कर फर्जी दस्तावेजों, फर्जी जीएसटी नंबर व नकली औषधि लाइसेंस के सहारे बाजार में बेच रहे हैं. शिकायत में यह भी बताया गया कि नकली दवाइयां ट्रांसपोर्ट के जरिए अलग-अलग जगहों और शहरों पर भेजी जा रही हैं. जिससे आम लोगों की सेहत को गंभीर खतरा हो सकता है. शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया. पुलिस द्वारा मामले में लगातार की जा रही जांच और मुखबिर की सूचना पर रविवार को स्वॉट टीम ग्रामीण जोन और मुरादनगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

## New Delhi

# दिल्ली में नौ स्कूलों को धमकी भरे ईमेल, बम से उड़ाने की धमकी

### बम निरोधक दस्ता तैनात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार राजधानी के नौ स्कूलों, जिनमें दक्षिणी दिल्ली के तीन स्कूल भी शामिल हैं, को धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि दिल्ली के कुल नौ स्कूलों में बम धमाके की धमकी भरे कॉल आए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और संबंधित स्कूलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। मौके पर दिल्ली पुलिस के साथ दमकल विभाग और बम निरोधक दस्ते की टीमें तैनात कर दी गई हैं। स्कूल परिसरों की गहन जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक दक्षिणी दिल्ली में ही अब तक तीन स्कूलों को धमकी मिली है। सभी कॉल सुबह 8:30 बजे से 9:00 बजे के बीच प्राप्त हुए। फिलहाल मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## Karnataka

# गर्लफ्रेंड की सगाई के बाद बॉडीबिल्डर ने दी जान कार्ड और नई साड़ी देखकर हो गया था परेशान

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 26 वर्षीय जिम ट्रेनर और बॉडीबिल्डर ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली. बताया गया कि उसे अपनी प्रेमिका की किसी दूसरे व्यक्ति से सगाई होने की जानकारी मिली थी. गर्लफ्रेंड ने कहा था कि 'मेरी शादी कहीं और तय हो गई है', यह घटना शनिवार को महालक्ष्मी लेआउट थाना क्षेत्र में सामने आई. मृतक की पहचान किरण के रूप में हुई है, जो जिम ट्रेनर और बॉडीबिल्डर था. पुलिस के अनुसार, किरण लगभग तीन साल से एक युवती के साथ रिश्ते में था. हाल ही में युवती ने उसे बताया कि उसकी शादी तय हो गई है. उसने किरण को शादी का कार्ड और नई साड़ी भी दिखाई थी, जिससे वह काफी परेशान हो गया.

पुलिस के मुताबिक, इसके बाद किरण घर लौटा, अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर





लिया और कथित तौर पर खुदकुशी कर ली. काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिवार वालों ने उसे तोड़ा और किरण को बेसुध हालत में पाया. बाद में उसे पोस्टमार्टम के लिए विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया. किरण के परिवार का कहना है कि वह युवती के लिए वैलेंटाइन डे गिफ्ट तैयार कर रहा था. माता-पिता ने शिकायत दर्ज कराई है कि युवक का भावनात्मक और आर्थिक शोषण किया गया.

## Bihar

# श्रीमद्भागवत कथा में भगदड़, आचार्य अनिरुद्धाचार्य भी समझ नहीं सके



**मोतिहारी, (एजेंसी)** बिहार के मोतिहारी जिले के रक्सौल में भारत–नेपाल सीमा के निकट आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के दौरान रविवार को अचानक अव्यवस्था फैल गई। प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के सत्संग में हजारों-लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने से आयोजन स्थल रक्सौल हवाई अड्डा परिसर में भीड़ बेकाबू हो गई। कथावाचक के मंच पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं का सैलाब पंडाल की ओर उमड़ पड़ा। आयोजन समिति की ओर से भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम नहीं होने के कारण मुख्य द्वार पर अत्यधिक दबाव बन गया। इसी दौरान रेलिंग टूट गई और भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे कार्यक्रम कुछ समय के लिए बाधित हो गया। अफरातफरी के बीच कई श्रद्धालुओं को चोटें आईं। दबाव बढ़ने से दो महिलाएं बेहोश हो गईं, जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। स्थिति की गंभीरता के कारण कुछ देर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन रोकना पड़ा। हंगामे के दौरान कई छोटे बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ गए। आयोजन स्थल पर हेल्प डेस्क या लॉस्ट एंड फाउंड जैसी कोई व्यवस्था नहीं होने से माता-पिता बच्चों की तलाश में भटकते नजर आए। श्रद्धालुओं ने इतने बड़े धार्मिक आयोजन में न्यूनतम सहायता व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई। आम श्रद्धालुओं का गुस्सा वीआईपी व्यवस्था को लेकर भी सामने आया। लोगों का कहना था कि चंदा वसूली के बावजूद पंडाल में केवल अधिक राशि देने वालों को अलग सुविधा और प्राथमिकता दी गई।

## खेल

# न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया, गुलबदिन पर भारी पड़े सीफर्ट

**चेन्नई।** सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को ग्रुप डी के मुकाबले में पांच विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने इस तरह टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की है। अफगानिस्तान ने गुलबदिन नईब के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 182 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। न्यूजीलैंड के लिए इस मैच के हीरो सीफर्ट रहे।





183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत झटकों के साथ हुई। दूसरे ओवर में मुजीब उर रहमान ने लगातार दो विकेट लेकर कीवियों के बैकफुट पर ला दिया। फिन एलन एक और रचिन रवींद्र शून्य पर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद मोर्चा टिम सीफर्ट और ग्लेन फिलिप्स ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 47 गेंदों में 74 रनों की साझेदारी हुई। फिलिप्स इस दौरान 25 गेंदों में 42 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, सीफर्ट ने 42 गेंदों पर 65 रनों की दमदार पारी खेली जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल हैं। न्यूजीलैंड को पांचवां झटका मार्क चापमैन के रूप में लगा जो 17 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए। फिर डेरिल मिचेल और कप्तान मिचेल सैंटनर ने न्यूजीलैंड के लिए जीत की औपचारिकता को पूरा किया। मिचेल 14 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि सैंटनर ने आठ गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 17 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर से मुजीब उर रहमान को दो विकेट मिले, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई, राशिद खान और मोहम्मद नबी को एक-एक सफलता मिली।

अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान और रहमानुल्लाह गुरबाज ने पारी की शुरुआत की। दोनों ने टीम को सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। हालांकि, पावरप्ले खत्म होने से पहले लॉकी फर्ग्यूसन ने न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। फर्ग्यूसन ने इब्राहिम जादरान को आउट किया जो 12 गेंदों पर एक चौके की मदद से 10 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद फर्ग्यूसन ने इस ओवर की आखिरी गेंद पर गुरबाज को बोल्ड किया। गुरबाज ने 22 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 27 रन बनाए।

पावरप्ले में ही दो विकेट गिरने के बाद सेदिकुल्लाह और गुलबदिन नईब ने शानदार साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी हुई जिससे अफगानिस्तान का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा। गुलबदिन ने 29 गेंदों पर पचासा पूरा किया, लेकिन इसके तुरंत बाद ही सेदिकुल्लाह अपना विकेट गंवा बैठे। सेदिकुल्लाह 24 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुए।

## सिनेमा

# आरएसएस के 100 साल वाले कार्यक्रम में क्यों आया सलमान खान के कपड़ों का जिक्र?





राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ साल पूरे होने के कार्यक्रम में बॉलीवुड के कई सिलेब्रिटीज पहुंचे थे। इस इवेंट के कई वीडियोज और तस्वीरें वायरल हैं। एक क्लिप में आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने सलमान खान के ड्रेसिंग सेंस पर बात की। भागवन ने स्टूडेंट्स से कहा कि वे लोग बिना सोचे-समझे सलमान खान के कपड़े कॉपी करते हैं। यह भी नहीं सोचते कि सलमान ऐसे कपड़े क्यों पहनते हैं। इवेंट में मोहन भागवत बोले, 'सलमान खानजी क्या पहनते हैं, कॉलेज विद्यार्थी वैसे पहनते हैं। क्यों पहन रहे हैं? उन्होंने पहना इसलिए। उन्होंने क्यों पहना? मालूम नहीं। सभी बातों में ऐसा,अच्छी बात बुरी बात, फैशन से ही चलता है। फैशन उत्पन्न करने वाले लोग होते हैं वो समाज के विश्वासपात्र, श्रेष्ठ, कीर्तिमान, ऐसे लोग होते हैं...' इवेंट में सलमान खान दर्शकों के बीच बैठकर मुस्कुराते रहे। क्लिप वायरल है और इस पर लोगों के कई सारे कमेंट्स दिख रहे हैं। एक ने लिखा है, सलमान भाई जैसा कोई नहीं, वह ऊंची सोच के साथ साधारण इंसान हैं। मुझे वह पसंद हैं। एक ने लिखा है, मोहन भागवत सलमान खान की तारीफ कर रहे हैं। एक और ने कमेंट किया है, मैं भी कॉलेज में सलमान के आउटफिट कॉपी करता हूं।

## Highlights

1. Post-Surajkund mishap, Haryana to frame first ride safety policy
2. Buying US oil is in India's strategic interests: Piyush Goyal
3. Death toll in Meghalaya illegal coal mine blast rises to 27
4. Businessman's son rams Lamborghini into vehicles in Kanpur, 6 injured
5. Skier dies after fatal fall on expert slope at California resort
6. Coast Guard seizes 3 oil tankers for smuggling oil near Mumbai

# Sensex opens 600 points higher, Nifty climbs 150 points on India-US trade deal sentiment



**NEW DEIHI, (Agency).** Market sentiment were positive as investors weighed the potential impact of easing trade barriers between India and the United States.

Sensex and Nifty 50 opened in the green on Monday, February 9, tracking positive global cues and optimism around the interim India–US trade framework announced last week. The Sensex was trading at 84,177 , up 597 points, while the Nifty 50 hovered around 25,800, gaining 150 points in early trade.

A man walks past the Bombay Stock Exchange (BSE) building, in Mumbai, Tuesday, April 8, 2025. (PTI)

A man walks past the Bombay Stock Exchange (BSE) building, in Mumbai, Tuesday, April 8, 2025. (PTI)

The Indian rupee slipped slightly in early trade on Monday, falling 2 paise to 90.67 against the US dollar.

The interim India-US trade deal framework, released on Saturday, outlines steps to lower tariffs, strengthen energy ties and deepen economic cooperation as both countries look to realign global supply chains.

Under the proposed arrangement, the US will reduce tariffs on Indian exports such as textiles and apparel, leather and footwear to 18%, while India is expected to trim or eliminate duties on all US industrial goods and cut tariffs on a wide range of American farm and food products.

Global cues also remained supportive. Asian markets rallied sharply in early trade, led by Japan, after Prime Minister Sanae Takaichi's decisive electoral win.

Meanwhile, precious metals extended their rally on Monday, with gold and silver posting sharp gains in early trade. According to ANI news agency, gold prices jumped 1.51% to Rs1,57,693 per 10 grams for 24-karat gold, while silver surged 5.35% to Rs2,63,258 per kg, reflecting strong buying interest across the bullion market.

# Five reasons why bonds should be a part of your investment portfolio

**NEW DEIHI, (Agency).** At times, asset classes such as equity and gold can turn volatile in the short term. Hence, an investor needs to build a diversified portfolio with asset allocation. During such volatile times, the fixed-income component of the investment portfolio can act as a shock absorber, providing the much-needed stability. Within the fixed-income category, depending on their needs, an investor can choose from various financial products, including bonds. Having bonds in an investment portfolio has several benefits. In this article, we will look at some of the



reasons why bonds should be a part of an individual's investment portfolio.

1. Asset allocation: Different asset classes take turns to outperform each other year after year. Hence, it is essential to build an investment portfolio spread across various asset classes, such as domestic and international equity mutual funds, fixed income, gold and silver, real estate, etc. Every asset class plays distinct role in the investment portfolio. For example, equity is for growth, fixed income is for stability and regular income, and gold is a hedge against inflation and a safe haven during times of uncertainty.

While equity is for growth, in some years, it underperforms and gives negative returns. During such years, bonds and other fixed-income products in the investment portfolio provide stability to the overall portfolio. The fixed-income component helps navigate the uncertain times till the growth resumes.

बाइक टैक्सी पर एक्शन, ड्राइवर बोले-

# कंपनी ने नहीं बताया कि येलो प्लेट और ट्रेड लाइसेंस जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रही रैपिडो बाइक टैक्सियों पर परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई की गई थी। मामले में शुक्रवार को बड़ी संख्या में चालक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय पहुंचे और अपनी परेशानी बताई। चालकों का कहना था कि रैपिडो के जरिए उनके घर-परिवार की रोजी-रोटी चलती है।

इससे छात्रों के साथ ही रोजाना सफर करने वालों को भी फायदा हो रहा है। वे नियमों का पालन करने के लिए तैयार हैं, लेकिन कंपनी ने किसी तरह के नियम नहीं बताए। अब मामले में परिवहन विभाग कंपनी को नोटिस जारी करेगा। वहीं यातायात पुलिस को भी जांच के लिए पत्र लिखा जाएगा, ताकि नियमों के अनुसार ही बाइक टैक्सी का संचालन हो सके।

परिवहन विभाग की कार्रवाई के बाद रैपिडो बाइक टैक्सी संचालकों की परेशानी बढ़ गई है। चालकों का कहना था कि वे नियमों का पालन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन कंपनी की ओर से कभी यह स्पष्ट नहीं किया गया कि बाइक टैक्सी संचालन के लिए व्यावसायिक नंबर प्लेट और ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य है। कंपनी उनसे केवल ड्राइविंग लाइसेंस, बाइक के दस्तावेज और आधार कार्ड ही लेती है, जिससे उन्हें लगा कि प्रक्रिया वैध है।



एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि परिवहन विभाग किसी की रोजी-रोटी छीनना नहीं चाहता, लेकिन नियमों का पालन सभी के लिए जरूरी है। बिना उचित अनुमति के किसी भी सेवा को संचालित करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में रैपिडो के मुख्यालय को नोटिस दिया जा रहा है और निर्देश दिए जाएंगे कि संचालन पूरी तरह नियमों के तहत हो। नियमों की अनदेखी होने पर इंदौर शहर में बाइक टैक्सी सेवा बंद कराई जा सकती है। साथ ही बिना अनुमति चल रही बाइक टैक्सी सेवाओं पर कार्रवाई के लिए ट्रैफिक डीसीपी को भी पत्र भेजा जा रहा है। एआरटीओ राजेश गुप्ता ने मौके पर मौजूद चालकों को नियमों की विस्तृत जानकारी दी।

### ● इन नियमों का पालन जरूरी

1. बाइक का व्यावसायिक पंजीकरण अनिवार्य।
2. कंपनी के पास वैध ट्रेड लाइसेंस होना चाहिए।
3. चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो।
4. वाहन का कमर्शियल बीमा और वैध पीयूसी।
5. चालक और सवारी दोनों के लिए हेलमेट जरूरी।
6. कंपनी के पास परिवहन विभाग की अनुमति अनिवार्य।

# राऊ में युवक की मौत

परिजनों का पत्नी पर आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। राऊ इलाके में मिले एक युवक के शव की पहचान होने के बाद रविवार को उसके परिजन उत्तर प्रदेश से इंदौर पहुंचे। युवक के पिता और बहन ने उसकी पत्नी और उसके मायके पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि पति की मौत के बाद ही पत्नी अपने रिश्तेदार के साथ मायके चली गई।

राऊ पुलिस के अनुसार, एमराल्ड स्कूल के पीछे 5 फरवरी की देर रात एक युवक ने कथित रूप से आत्महत्या की थी। शव को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी पहचान प्रवीण काछी, पिता राजकुमार काछी, के रूप में हुई। प्रवीण राऊ की एक चॉकलेट फैक्ट्री में काम करता था और मूल रूप से इटावा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। प्रवीण की पहचान होने के बाद उसके परिजन रविवार को इंदौर पहुंचे। उन्होंने पत्नी अवनी और उसके मायके पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। पिता राजकुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद इंदौर में रहने वाले रिश्तेदारों के साथ



मिलकर अवनी ने मारपीट की थी। इसके बाद प्रवीण घर से चला गया था।

पुलिस ने बताया कि उसी रात अवनी थाने पहुंची थी और उसने पति प्रवीण के लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस ने एक दुर्घटना की जानकारी देते हुए पहचान की प्रक्रिया कराई थी। इधर, रविवार को पुलिस ने प्रवीण के शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन उसकी पत्नी अवनी वहां नहीं पहुंची। पुलिस के मुताबिक, वह प्रवीण के पिता और बहन के इंदौर पहुंचने से पहले ही उत्तर प्रदेश में अपने मायके चली गई थी। वहीं, प्रवीण के पिता और बहन ने पुलिस से पूरे मामले की जांच की मांग की है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक